वर्ष- 22 अंक - 83 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12



शिक्षक से राष्ट्रपति पद तक पहुंचे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन आज शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शनिवार 05 सितंबर 2026

## कलेक्ट्रेट में गिराई मस्जिद, सपा सांसद इकरा हसन हाउस अरेस्ट

**सहारनपुर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के सहारनपुर में कलेक्ट्रेट परिसर में बनी मस्जिद पर आज सुबह प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश और पहली अपील खारिज होने के बाद मस्जिद को अवैध निर्माण बताते हुए ये एक्शन लिया गया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स की तैनाती रही। वहीं, सहारनपुर जाने की कोशिश कर रहीं कैराना सांसद इकरा हसन को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया गया।

# नेपाल में तीन और भारतीयों को बचाया अब तक 1300 की मौत, 5 हजार लापता

**काठमांडू.एजेंसी।** नेपाल के दार्चुला जिले में भारी भूस्खलन के बाद चौलानी नदी का रास्ता बंद हो गया। निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। नदी का प्रवाह प्रभावित होने से आसपास के इलाकों में खतरा बढ़ गया है। त्रिशूली बाजार इलाके से 5 साल का बच्चे समेत तीन भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया है। अब तक 169 भारतीयों को सुरक्षित निकाला है, जबकि 275 अब भी लापता हैं। नेपाल में अब तक करीब 1344 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5300 से ज्यादा लोग लापता हैं। उधर चीन ने पहली बार आंकड़ा बताते हुए इमिग्रेशन बिल्डिंग से 31 शव बरामद होने और 531 के लापता होने की बात कही है। बिहार के सहरसा की 12 साल की बच्ची ने अपनी गुल्लक के पैसे नेपाल के पीड़ितों को देने का ऐलान किया है।



## सैन्य परिसर में विस्फोट 10 की मौत, 60 से ज्यादा घायल

**बोलीविया.एजेंसी।** बोलीविया में एक सैन्य परिसर में हुए जोरदार विस्फोट ने भारी तबाही मचा दी। कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 से ज्यादा लोग घायल हुए। मृतकों की संख्या बढ़कर 15 तक पहुंचने की आशंका जताई गई है। धमाका उस हिस्से में हुआ जहां आतिशबाजी और पायरोटेक्निक सामग्री रखी गई थी। विस्फोट की वजह से आसपास के दर्जनों घरों को नुकसान पहुंचा। धमाके की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि कई घरों की खिड़कियां टूट गईं।



## मोदी के लिए लाए थे चॉकलेट का इंडिया गेट, रास्ते में टूट गया

**नई दिल्ली.एजेंसी।** बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के लिए चॉकलेट का बना इंडिया गेट लेकर आए थे, लेकिन यह रास्ते में ही टूट गया। बेल्जियम के प्रधानमंत्री इसे किसी न किसी तरह प्रधानमंत्री मोदी और भारत तक पहुंचाने के लिए दृढ़ हैं और अगली बार इसे लाने की कोशिश करेंगे।

# भीषण टक्कर में 8 छात्रों की मौत

**शनिवार.एजेंसी।** केरलम के त्रिशूर जिले में देर रात एक कार हाईवे पर खड़ी लॉरी से टकरा गई। हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार तमिलनाडु नंबर की थी और उसमें सवार ज्यादातर लोग डिंडीगुल के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शवों को निकालने के लिए गाड़ी को काटना पड़ा।

## मुरैना मंदिर से लौट रही तीन महिलाओं को कुचलकर मार डाला

**मुरैना.एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुरैना में कल रात को जन्माष्टमी का त्योहार मनाने के बाद मंदिर से घर लौट रही तीन महिलाओं को कंटेनर ने रौंद दिया जिससे तीनों महिलाओं की मौत हो गई।

## राहुल नहीं, विजय होंगे पीएम प्रत्याशी

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी टीवीके ने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना ली और एक्टर विजय मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन अब टीवीके के कई नेताओं ने मुख्यमंत्री विजय को 2029 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित कर दिया है। 9 सितंबर को टीवीके अपने सहयोगी दलों के साथ बैठक करेगी। एक तरह से टीवीके ने राहुल के प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी का विरोध शुरू कर दिया है।

## लोन न चुकाने पर महिला के कपड़े उतारे

**बेंगलुरु.एजेंसी।** बेंगलुरु में लोन न चुकाने पर एक महिला को निर्वस्त्र कर उसका वीडियो बनाया गया। इस मामले में दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।















## इंदौर की धरती से उठे पुकार
## गूंजे पूर्ण वंदे मातरम् हर बार



## वन्दे मातरम् ।

सुजलाम् सुफलाम् मलयजशीतलाम्,
शस्यशामलाम् मातरम् । वन्दे मातरम् ।। 1।।

शुभ्रज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम्, फुल्लकुसुमित
दुमदलशोभिनीम्, सुहासिनीम् सुमधुरभाषिणीम्,
सुखदाम् वरदाम् मातरम् । वन्दे मातरम् ।। 2 ।।

कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैधृत खरकरवाले, के बॉले माँ तुमि
अबले, बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्,
रिपुदलवारिणीं मातरम् । वन्दे मातरम् ।। 3 ।।

तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म, त्वम् हि
प्राणाः शरीरे, बाहुते तुमि माँ शक्ति, हृदये तुमि माँ
भक्ति, तोमारेई प्रतिमा गड़ि मन्दिरे-मन्दिरे ।
वन्दे मातरम् ।। 4 ।।

त्वम् हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी, कमला
कमलदलविहारिणी, वाणी विद्यादायिनी, नमामि
त्वाम्, नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्, सुजलां
सुफलां मातरम् । वन्दे मातरम् ।। 5 ।।

श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूषिताम्, धरणीम्
भरणीम् मातरम् । वन्दे मातरम् ।। 6 ।।

पुरुषार्थ
**नानूराम कुमावत**
अध्यक्ष - संस्था पुरुषार्थ

# भाजपा अध्यक्ष ने बुलाई कार्यसमिति की पहली बैठक, वरिष्ठ देंगे मार्गदर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि जिला कार्यसमिति के 153 कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित और स्थाई आमंत्रित सदस्यों की बैठक कल दोपहर 3 बजे पदाधिकारियों के साथ होटल ओमनी में बुलाई गई है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, रणवीरसिंह रावत मार्गदर्शन देंगे। बैठक में स्थाई आमंत्रित के रूप में जनप्रतिनिधि, प्रदेश प्रवक्ता, पदाधिकारी, पार्षद, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# पार्षद ने दिलवाई सड़क निर्माण की सौगात

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के वार्ड 66 की पार्षद कंचन गिदवानी के प्रयास से





गोपालबाग, प्रेमनगर, प्रताप नगर एवं लाड़काना नगर को जोड़ने वाली सड़क का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव की मौजूदगी रही। आयोजन में मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ भी मौजूद रही। राजा मांधवानी, संजय पंजाबी, कमल आहूजा, कमलपुरी गोस्वामी, बंटू अरोरा, सतनाम खनुजा, अजीत टुटेजा, हरभजन सिंह, अजीत कमोरा, प्रशांत बिजलानी, जीतेन्द्र बनसोडे, अक्षय चितले, ऋषि सोलंकी, राहुल राठौर सहित अन्य मौजूद थे।

# सीधे विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किए तो क्रेश हो गई वेबसाइट

## आज से कांग्रेसी भी जाएंगे घर-घर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छात्रों की गूंज कार्यक्रम में 19 सितम्बर को राहुल गांधी छात्रों के बीच मौजूद रहेंगे। कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए क्यूआर कोड जारी किया और कल शहर और जिला कांग्रेस ने जन्माष्टमी पर कांग्रेसियों को राहत दी थी और आज से कांग्रेसियों को वार्ड और बूथ स्तर पर आम लोगों के घर-घर जाकर रजिस्ट्रेशन के लिए लगाया, लेकिन कल ही छात्रों ने सीधे रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड से किया। अत्यधिक दबाव के कारण वेबसाइट कुछ समय के लिए क्रेश भी हो गई थी। चिन्टू चौकसे, विपिन वानखेड़े ने कहा कि युवा छात्रों में छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर उत्साह है।

50 हजार के लक्ष्य के मुकाबले अब कांग्रेसी एक लाख रजिस्ट्रेशन होने का दावा करने लगे हैं, कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कल ही 15 हजार के करीब रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता मीडिया से करेगी चर्चा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक आज दोपहर 2 बजे प्रेस क्लब में देश के ज्वलंत मुद्दों पर मीडिया से चर्चा करेंगी। अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, विपिन वानखेड़े मौजूद रहेंगे।

# पूर्व मंत्री पटेल की जयंती पर अलंकरण आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मंत्री रामेश्वर पटेल बाबूजी की जयंती पर मालवा रत्न अलंकरण समारोह का आयोजन विद्या सागर स्कूल आडिटोरियम में शाम 5 बजे से होगा। मौजूद लोगों के लिए शाम से रात तक भोजन का आयोजन भी किया गया है। गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के बैनरतले यह आयोजन पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल करवा रहे हैं।

# भाजपाइयों का कल सुबह कार्यकर्ता मिलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के कार्यकर्ताओं के मिलन सम्मेलन का आयोजन वाघेला गार्डन स्टार चौराहा के पास सुबह 10 बजे से होगा। नाश्ता के बाद विधानसभा 5 के सभी मंडल की बैठक होगी उसके बाद गीत-संगीत का आयोजन और फिर भोजन भी किया जाएगा। यह आयोजन विधायक महेन्द्र हार्डिया ने किया है।

# इंस्टीट्यूट लॉ कॉलेज में आज दीक्षांत समारोह

## अनुरागसिंह ठाकुर और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय होंगे शामिल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधि शिक्षण संस्थान इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ कॉलेज में आज दोपहर 1 बजे से वार्षिक दीक्षांत समारोह का बड़ा और गरिमामय आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख जनप्रतिनिधि और विधि के साथ शिक्षा जगत से जुड़े विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुरागसिंह ठाकुर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। संस्थान प्रमुख कांति बम, डीन डॉ. मनमीत कौर राजपाल ने बताया कि विद्यार्थियों को सक्षम और जिम्मेदार सहभागी के रूप में तैयार करना ही संस्थान का लक्ष्य है और दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत का उत्सव है।



# राजनेता यात्रा में रहे मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बड़ा गणपति से कल श्रम शिविर तक यादव समाजजनों ने दीपू यादव के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली। यात्रा में भाजपा और कांग्रेस से जुड़े कई राजनेता शामिल हुए। चिन्टू चौकसे, विपिन वानखेड़े, आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, विजेन्द्रसिंह चौहान, अशोक चौहान, बंटी यादव, शंकर नैनावा, ठा. जितेन्द्र सिंह, योगेन्द्र मौर्य, विजय यादव, सुनील गोधा, परवेज खान, नीलम श्रीवास्तव, सुषमा यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# वर्दी वाले मास्टरजी की सेवा जारी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पुलिस जवान संजय सांवरे विगत 10 सालों से लालबाग क्षेत्र की पाठशाला में बस्ती के बच्चों के बीच शिक्षा का कार्य तो कर ही रहे है, अपने वेतन से कुछ राशि वे इन बच्चों के कापी-किताब में भी खर्च करते है। यहां के विद्यार्थी जो पढ़ना नहीं चाहते है वे अब वर्दी वाले मास्टर पुलिस जवान संजय सावरे से रुचि लेकर पढ़ भी रहे है और अच्छे नम्बर भी लाकर पास हो रहे है और इन विद्यार्थियों के पालक भी रूचि ले रहे है।

# अग्रेसन ग्रुप करेगा मेधावी छात्रों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा अग्रवाल समाज के मेधावी विद्यर्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 20 सिंतबर को गीता भवन सत्संग हाल में किया जाएगा। 10 ग्राम चांदी के रजत पदक एवं अग्रसेन अवार्ड के साथ इन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। 4 अक्टूबर को खुली चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, शशि गर्ग, कमलेश मित्तल, राजीव बंसल, सतीश गोयल, राजकुमार बंसल, श्याम अग्रवाल, प्राची गर्ग, विनोद गोयल सहित अन्य आयोजन से जुड़े है।

# दो लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाकर 2.09 लाख की लगाई चपत

**इंदौर।** शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी साइबर अपराधियों का जाल तेजी से पैर पसार रहा है। इंदौर के देहात थाना क्षेत्र सांवेर और चंद्रावतीगंज में ऑनलाइन धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। ठगों ने एक स्थान पर ट्रेडिंग के नाम पर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर हजारों रुपये ऐंठ लिए, तो वहीं दूसरी ओर दो अलग-अलग बैंकों के खातों में डिजिटल सेंधमारी कर एक लाख से अधिक की रकम उड़ा दी। दोनों मामलों में संबंधित पुलिस थानों ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला सांवेर थाना क्षेत्र का है, जहां ग्राम बड़ोदियाखान के निवासी फरियादी जितेंद्र पिता रामेश्वर सोलंकी साइबर ठगी का शिकार हुए हैं। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात जालसाज ने इंटरनेट और यूपीआई के माध्यम से उनसे संपर्क किया। ठग ने खुद को ऑनलाइन ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताते हुए कम समय में भारी मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोपी की बातों में आकर फरियादी ने कई किस्तों में कुल 82,259 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब न तो मुनाफा मिला और न ही मूल रकम वापस हुई, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। सांवेर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

वहीं दूसरी वारदात चंद्रावतीगंज थाना क्षेत्र से सामने आई है, जहां ग्राम शिवपुराखेड़ा निवासी फरियादी राजूनाथ पिता मोहननाथ के बैंक खातों से बिना किसी जानकारी के बड़ी रकम पार कर दी गई। फरियादी ने बताया कि बीती 30 अगस्त की रात उनके बैंक ऑफ बड़ौदा सांवेर शाखा और एक्सिस बैंक चंद्रावतीगंज शाखा के खातों से कई यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए। अज्ञात हैकर ने बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से चार अलग-अलग यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 97,991 रुपये स्टैनवर्स टेक्नो नामक यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कर लिए। इसके तुरंत बाद उसी रात एक्सिस बैंक के खाते से भी 28,768 रुपये टाटा पेमेंट लिमिटेड के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए।

इस तरह फरियादी के दोनों खातों से बिना उनकी सहमति या जानकारी के कुल 1,26,759 रुपये गायब हो गए। घटना का पता चलते ही पीड़ित ने अपने बैंक खाते होल्ड करवाए और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। चंद्रावतीगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। दोनों ही प्रकरणों में पुलिस साइबर सेल की मदद से ट्रांजैक्शन आईडी, बैंक खातों की जानकारी और यूपीआई लिंक्स को खंगाल रही है ताकि ठगों तक पहुंचा जा सके।

# शिक्षक दिवस-शहरी क्षेत्र के शिक्षकों का होगा सम्मान, ग्रामीण शिक्षक रहेंगे नजर अंदाज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शिक्षक दिवस के अवसर पर आज इंदौर नगर निगम के द्वारा शहरी क्षेत्र के शिक्षकों में से 100 से ज्यादा शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों के सम्मान के लिए कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा रहा है। पूर्व में जिला पंचायत के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों में से उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया जाता था, अब यह प्रक्रिया भी बंद हो गई है।**

जिन शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है उनके चयन की प्रक्रिया कुछ विशेष नहीं होती है। इस प्रक्रिया में इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है कि संबंधित शिक्षक के द्वारा क्या विशिष्ट कार्य शिक्षण व्यवस्था में किया गया है जिसके चलते हुए उसका सम्मान किया जाए। अब तो हालात ऐसे हैं कि कहीं शिक्षा विभाग के संकुल प्राचार्य द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर शिक्षक का नाम सम्मान की सूची में जुड़ जाता है तो कहीं पार्षद की पसंद इस नाम को सूची में जुड़वा देता है। नगर निगम द्वारा 5 सितंबर के दिन हर साल बड़ी संख्या में शिक्षकों को शाल श्रीफल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर दिया जाता है। जिला पंचायत के द्वारा कुछ वर्ष पूर्व तक ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षकों के लिए सम्मान का समारोह आयोजित किया जाता था। शिक्षकों के चयन पर एक वर्ष सवाल उठे तो जिला पंचायत ने इस तरह के आयोजन करना बंद कर दिए। अब ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों का शिक्षक दिवस के मौके पर कोई सम्मान नहीं होता है।

# साइन बोर्ड, गेंट्री बोर्ड पर निगम खर्च करेगा 1.16 करोड़

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम द्वारा साइन बोर्ड, गेंट्री बोर्ड के निर्माण और मरम्मत के काम पर 1.16 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। निगम के द्वारा दो बार कोशिश किए जाने के बाद भी इस काम को करने के लिए ठेकेदार नहीं मिल पाया है। ऐसी स्थिति में अब नगर निगम तीसरी बार कोशिश कर रहा है।**

**दो बार की कोशिश के बाद भी नहीं मिला काम करने के लिए ठेकेदार**

नगर निगम द्वारा अपने जोनल कार्यालय क्रमांक 1 से 11 तक के विभिन्न स्थानों, चौराहा, मुख्य मार्ग और सड़कों पर लगने वाले साइन बोर्ड, गेंट्री बोर्ड के निर्माण और आवश्यक रिपेयरिंग के कार्य पर 42 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसी तरह से यह कार्य जोन क्रमांक 12 से 22 तक में करने पर 74 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस प्रकार सभी जोनल कार्यालय में इस कार्य को करने पर नगर निगम के द्वारा 1.14 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस काम को करवाने के लिए नगर निगम के द्वारा दो बार टेंडर जारी कर कोशिश की जा चुकी है लेकिन कोई भी ठेकेदार इन कामों को करने के लिए आगे नहीं आया है। ऐसी स्थिति में अब नगर निगम की ओर से तीसरी बार कोशिश की जा रही है। निगम के उम्मीद है कि 22 सितंबर तक इस काम को करने के लिए कोई ना कोई ठेकेदार तो आगे आ ही जाएगा।

# इंदौर पुलिस का साइबर ठगों पर बड़ा एक्शन...यूको, बैंक ऑफ बड़ौदा एचडीएफसी और इंडसइंड के म्यूल खातों से अंतरराज्यीय धोखाधड़ी, केस दर्ज

**2 हजार के लालच में बेचे बैंक खाते,यूपी, राजस्थान, केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र तक जुड़े तार, कई आरोपी नामजद**

**इंदौर।** देशभर में फैले ऑनलाइन साइबर अपराध के जाल को ध्वस्त करने के लिए इंदौर पुलिस ने अब तक की बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय और केंद्रीय एजेंसी आई4सी से प्राप्त इनपुट के आधार पर सेंट्रल कोतवाली, एमजी रोड, संयोगितागंज और रावजी बाजार थाना क्षेत्रों में किराए के (म्यूल) बैंक खातों का उपयोग कर करोड़ों की वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

पहला मामला सेंट्रल कोतवाली का है, जहां पुलिस ने जुवेर शाह और समीर हुसैन निवासी एमजी रोड के खिलाफ केस दर्ज किया है। महारानी रोड स्थित यूको बैंक के म्यूल खाते के खाताधारक जुवेर शाह ने मात्र 2,000 रुपये के लालच में अपना खाता समीर हुसैन और क्रिश को दे दिया था, जिसका इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र में हुई ऑनलाइन ठगी की रकम मंगाने में किया गया। दूसरा मामला एमजी रोड थाने का है, जहां पुलिस ने आरोपी अभिषेक पुरी निवासी साउथ गाडरा खेड़ी पर धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में केस दर्ज किया है। उसने अपने साथी सोनू के साथ मिलकर कांच मंदिर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा का म्यूल खाता साइबर ठगों को दिया, जिसमें ओडिशा के फरियादी से ठगे गए 50 हजार रुपये जमा कराए गए थे। संयोगितागंज पुलिस ने साइबर ठगी के दो पृथक मामले दर्ज किए हैं। पहले मामले में पुलिस ने आदित्य निवासी नट कॉलोनी, सिरपुर मिथुन पवार और अंशुल पाटीदार को आरोपी बनाया है। आदित्य ने अपने साथी मिथुन व अंशुल के साथ मिलकर अनाज मंडी स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा के म्यूल खाते का उपयोग साइबर फ्रॉड के लिए किया, जिसमें उत्तर प्रदेश से दर्ज शिकायत के अनुसार 50 हजार रुपये की ठगी की राशि ट्रांसफर हुई थी। वहीं दूसरे मामले में संयोगितागंज पुलिस ने आदित्य के भाई राहुल निवासी नट कॉलोनी, मिथुन पवार और संदीप के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी राहुल द्वारा उपलब्ध कराए गए एचडीएफसी बैंक खाते में राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हुई साइबर ठगी का रुपया जमा कराया गया था।रावजी बाजार थाना पुलिस ने आरोपी विशाल सोनी निवासी जयभवानी नगर के खिलाफ अपराध कायम किया है। आरोपी ने पलसीकर स्थित इंडसइंड बैंक शाखा के म्यूल खाते को अंतरराज्यीय साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। जांच में पाया गया कि इस खाते का इस्तेमाल केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से जुड़ी साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों में हुआ है। पुलिस की प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से आम लोगों की पहचान और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का दुरुपयोग कर म्यूल खातों के जरिए इस बड़े अंतरराज्यीय वित्तीय अपराध को अंजाम दिया है। सभी संबंधित थानों की पुलिस ने मामले दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई और मुख्य सरगनाओं की तलाश शुरू कर दी है।

# पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष

## भतीजे ने लात-घूंसों के बाद चाचा के सिर पर मारा डंडा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के मच्छीबाजार कड़ावघाट इलाके में पारिवारिक रंजिश को लेकर मारपीट का एक मामला सामने आया है। पुराने विवाद की बात को लेकर एक युवक ने अपने ही बुजुर्ग चाचा के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग के सिर पर गंभीर चोट आई है और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर पीड़ित के बेटे ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

पंढरीनाथ पुलिस के अनुसार, पीड़ित लक्ष्मीनारायण पिता दशरथ सूर्यवंशी (60) निवासी मच्छीबाजार कड़ावघाट ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थे, तभी उनके बड़े भाई हनुमान का लड़का यश सूर्यवंशी वहां आ धमका। आरोपी पुरानी रंजिश को लेकर आते ही जोर-जोर से गालियां देने लगा। जब फरियादी ने उसे अपशब्द कहने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गया और उसने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी यश ने पास में ही पड़ा एक लकड़ी का डंडा उठाकर अपने चाचा लक्ष्मीनारायण के सिर पर माथे की तरफ दाहिनी ओर दे मारा, जिससे सिर में गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। घटना को देखकर फरियादी का बेटा सिल्की तुरंत दौड़ा और बीच-बचाव कर अपने पिता को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। मौके से भागते समय आरोपी यश धमकी दे गया कि आज तो बच गया, आइंदा उलझने की कोशिश की तो जान से खत्म कर दूंगा। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी यश सूर्यवंशी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# हालात ए ई रिक्शा...चलते-चलते ही टूट गया हैंडल



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

ई-रिक्शा की हालात ऐसी हो चुकी है कि चलते-चलते ही हैंडल टूट गया। बड़ा गणपति चौराहा के समीप एक ई-रिक्शा का हैंडल टूट गया। ई-रिक्शा बनाने वाली कम्पनियां कैसी क्वालिटी का उपयोग वाहन निर्माण में कर रही है। यह इस प्रकार की घटना के बाद स्पष्ट समझा जा सकता है।

# निगम ने 6.5 करोड़ का रेन वाटर हार्वेस्टिंग शुल्क वसूला

## 350 इंजीनियरों को जारी किया नोटिस और मांगा जवाब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर में चाहे बारिश नहीं हो रही हो लेकिन नगर निगम का पूरा ध्यान रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर है। निगम के द्वारा 6.5 करोड़ रुपए का रेन वाटर हार्वेस्टिंग शुल्क वसूल किया जा चुका है। इसके साथ ही निगम ने 350 इंजीनियरों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब भी मांगा है।

इस साल तो इंदौर में कम वर्षा और सूखे की आशंका पैदा हो गई है। सावन का महीना खाली बीत गया है। अब सारी उम्मीद भादो मास पर टिकी हुई है। इस महीने में भी कल हुई आधा इंच बारिश के अलावा कोई पानी इंदौर में नहीं बरस रहा है। सारा शहर पानी के लिए आसमान की तरफ देख रहा है लेकिन ऐसा लगता है कि इस बार तो पानी इंदौर से रूठ ही गया है। भोपाल की स्थिति भी खराब थी लेकिन वहां पर पिछले दिनों में हुई जोरदार बारिश के कारण पानी का कोटा पूरा हो गया है। इंदौर को बारिश के मौसम में कम से कम 40 इंच पानी की जरूरत रहती है। अभी तक इससे आधा पानी भी नहीं हुआ है। इस स्थिति के बीच भी इंदौर नगर निगम के द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर अपना अभियान निरंतर रखा गया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि 6000 से ज्यादा भवनों के मालिक से वाटर हार्वेस्टिंग शुल्क के रूप में 6.5 करोड़ रुपए जमा करवाए गए हैं। यह राशि जमा होने के बाद नगर निगम के द्वारा अन्य इमारतें में भी वाटर हार्वेस्टिंग का काम करवाने पर जोर दिया जा रहा है। निगम के द्वारा पिछले सालों में 400 से ज्यादा इमारत का निर्माण करने में शामिल रहे 350 इंजीनियरों के नाम पर नोटिस जारी किए गए हैं। इस नोटिस में उनसे कहा गया है कि 7 दिन में उनके द्वारा निर्मित करवाई गई इमारत में वाटर हार्वेस्टिंग का काम करके फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यदि इन इंजीनियरों के द्वारा रिपोर्ट नहीं दी जाएगी तो इन पर कार्रवाई की जाएगी। यह सभी प्राइवेट इंजीनियर है।

कुएं बावड़ी का हिसाब नहीं- निगम के द्वारा प्राइवेट इंजीनियरों और भवन निर्माता पर तो वाटर हार्वेस्टिंग का काम करने के लिए खूब दबाव बनाया जा रहा है। यह काम नहीं करने पर नोटिस जारी किया जाता है, चालान बनाया जाता है और पैसा वसूल किया जाता है। इतना सब करते हुए भी नगर निगम का ध्यान सरकारी कुएं बावड़ी की तरफ नहीं है। निगम की ओर से ऐसी कोई जानकारी जारी नहीं की गई है कि उसने कितने कुएं बावड़ी को साफ करके एक बार फिर बारिश का पानी जमा कर वाटर रिचार्जिंग करने के लिए तैयार कर लिया है।

# मंदिरों में देर रात तक कृष्ण जन्मोत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कल कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों में भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालु रात तक पहुंचते रहे। ज्यादातर मंदिरों में रोशनी, फूल श्रृंगार किए गए थे। भजन संध्या की गई और रात को जन्म आरती के बाद प्रसादी का आयोजन भी हुआ। गीता भवन मंदिर में भी रात 12 बजे जन्म आरती हुई उसके पहले भजन संध्या की गई।वहीं विद्याधाम मंदिर में भगवान की झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने देर रात तक प्रभु दर्शन किए। 56 भोग भी लगाए। भगवान का झूला भी झुलाया। आज विद्याधाम पर नंदोत्सव मनाया जा रहा है। हंसदास मठ पर कई झांकियां सजाई गईं। विद्युत और पुष्प श्रृंगार किया गया, रात को जन्म आराती भी हुई। रामचरणदास महाराज और पवनदास महाराज का सान्निध्य मिला। आज भी झांकियां मंदिर में दर्शनार्थ है। वहीं श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर माली मोहल्ला में कल झांकी सजाई गई। भगवान का बाल स्वरूप श्रृंगार किया गया। रात्रि को श्रद्धालु शामिल हुए। पारसी मोहल्ला छावनी के मुरली मनोहर मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, रामेश्वर महादेव मंदिर, बडे बालाजी मंदिर में भी कल आयोजन किए गए। रात को आरती कर प्रसादी का वितरण भी हुआ।

# के.के. यादव के जन्मदिन पर कई आयोजन





## गाय को छप्पन भोग पौधारोपण और प्रतिभा सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था यादव अहीर युवा स्ट्रांग ग्रुप एवं समस्त यादव अहीर समाज द्वारा कल जन्माष्टमी एवं पूर्व पार्षद के.के. यादव के जन्मदिन का आयोजन सेवा कार्य, धार्मिक और पर्यावरण हित के आयोजन सावेर रोड सनी रिसोर्ट में किया गया। साथ में प्रतिभाओं के सम्मान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक पार्षद शिवम यादव ने बताया कि जन्माष्टमी एवं के.के. यादव के जन्मदिन पर एक पौधा मां के नाम एवं भगवान कृष्ण के प्रिय गायों को छप्पन भोग लगाए गए। मेधावी छात्रों का सम्मान कर उन्हें शैक्षणिक सामग्री भी भेंट की गई। समाजसेवा करने वाले सेवियों का सम्मान भी हुआ। शिवम यादव ने बताया कि 11 हजार पौधारोपण का कार्य कल से शुरू कर प्रथम चरण में 121 पौधे एक पौधा मां यशोदा के नाम पर लगाए गए, साथ ही पौधों के पनपने तक उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया। कल रात 12 बजे कृष्ण कन्हैया का जन्मदिन मनाया। पूर्व पार्षद के.के. यादव का जन्मदिन समाजजनों और समर्थकों की मौजूदगी में मनाया गया। कृष्ण भजन के बाद महाआरती और भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। पुरुषोत्तम यादव, अशोक यादव, राजेश चौकसे, विजय यादव, श्यामसुंदर यादव, मनीष यादव, विजय यादव, सतीश यादव, प्रवेश यादव,राजेश यादव, संजय यादव, सहित अन्य मौजूद थे।

# बड़ा गणपति पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कई सालों से बडा गणपति पर जन्माष्टमी अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कल भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में इंदौर सहित इंदौर के बाहर से भी कई टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान 10 से अधिक टीमों ने मटकी फोड़ने का प्रयास किया। महिला शक्ति द्वारा शस्त्र कला का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। महाराष्ट्र की शैली भी मटकी फोड प्रतियोगिता में नजर आई। बड़ा मंच बनाया गया था, साज-सज्जा और रोशनी भी की गई थी। कार्यक्रम में कई राजनेता भी पहुंचे थे। ताराचंद कौशल, वीरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्पमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित कई राजनेता मौजूद रहे।



# नवलखा बालाजी का कान्हा स्वरूप श्रृंगार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नवलखा स्थित श्री सिद्धेश्वर वीर बड़े बालाजी हनुमान मंदिर में बड़े बालाजी का श्रृंगार कान्हा स्वरुप में किया। भगवान के जयकारे भी लगे। महंत महेशानंद महाराज ने बताया कि पूजन, अर्चन और अनुष्ठान के आयोजन भी किए गए। कल शाम को 108 दीपों से महाआरती की गई।





# स्कूल में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भगवती कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हातोद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के स्वरूप में सजकर कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूल संचालक प्रमोद गुप्ता, पुलक गुप्ता प्राचार्या, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर, प्रीति कापसे, अंजली जारवाल, राखी करड़े, राजबाला मिश्रा एवं स्कूल टीचर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# किंडर बड्स स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संस्कारों की पाठशाला किंडर बड्स स्कूल के विद्यार्थियो ने भगवान कृष्ण जन्माष्टमी अवसर पर तैयारियां की। विद्यालय को गोकुल और द्वारका की नगरी बनाकर नंद और आनंद भवन बनाया गया था। विद्यार्थी राधाकृष्ण और गोपी की वेशभूषा में सज्जित होकर पहुंचे थे। विद्यार्थियों ने मटकी फोडी,



## भगवान की वेशभूषा में विद्यार्थियों ने खाया माखन-मिश्री, मटकी भी फोड़ी

माखन-मिश्री का प्रसाद भी खाया। इस आयोजन के लिए अध्यापकों और विद्यार्थियों ने तैयारियां भी की थी। प्राचार्य डॉ. दीपिका हसीजा ने बताया कि शिक्षिका अपूर्वा सहस्त्रबुद्धे, स्नेहा जायसवाल ने आराधना प्रस्तुत की।

# चारभुजानाथ की पदयात्रा के लिए निमंत्रण

## 200 से अधिक पदयात्री करेंगे 550 किलोमीटर की पैदल यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ से जुड़े तरुण व्यास महाराज, संतोष जोशी संटू ने बताया कि 200 से ज्यादा श्रद्धालु चारभुजानाथ गढ़बोर राजस्थान की 550 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेंगे। यात्रा कल सुबह 8 बजे भगवान के जयकारों के साथ रवाना होगी। इस यात्रा को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य राजनेताओं को निमंत्रण दिए गए। यह सभी श्रद्धालु डोल ग्यारस पर प्रभु चारभुजानाथ के दर्शन करेंगे, ध्वजा भी अर्पण करेंगे, रथ, बग्घी, झांकी सहित तामझाम भी शोभायात्रा में रहेंगे। युवा से लेकर बुजुर्ग तक इस यात्रा में शामिल हो रहे है। विजय जोशी पार्षद, ओमप्रकाश जोशी, मुकेश व्यास भी आयोजन से जुडे है।






# लायंस की डायरेक्टरी का विमोचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट की डायरेक्टरी का विमोचन किया गया। सम्पादक मंडल को साधुवाद भी दिया गया। विजय वी राजु, जयप्रकाश त्रिपाठी, दिनेश रणधर, मुरली अरोड़ा, शोभा दुबे, रिंकी जयसिंघानी चुघ सहित अन्य मौजूद थे।

# ख्वाजा के दरबार में 120 लोगों का काफिला रवाना

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के सदर मोहम्मद सलीम लाइक ने बताया कि कल नासिर पहलवान कुरैशी, राजिक देहलवी, मोहम्मद नईम, मास्टर मोहम्मद सलीम लाइक सहित 120 लोगों का काफिला अजमेर शरीफ ख्वाजा के दरबार के लिए रवाना होकर अजमेर आज पहुंचा। देश-प्रदेश के साथ इन्दौर में अमन चैन रहे, अच्छी बारिश हो इसके लिए हजरत मौलाना अफरोज आलम साहब मिस्बाही और खादिम ए खास अयान चिश्ती दुआएं करेंगे।

# संस्था सृजन के आयोजन में फूटी मटकी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था सृजन के कमलेश खंडेलवाल, तनुजा खंडेलवाल ने सागर ज्यूस के समीप गोराकुण्ड पर बड़ी मटकी फोड़ का आयोजन किया। इंदौर के अलावा बाहर से भी टीमें आई थी और इन टीमों ने बड़ा पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ने की कोशिश की। कई बार गोविंदा आला रे के जयकारों के बीच पिरामिड डगमगाया, तो मटकी फोड़ने वाले गिर पड़े, तो कुछ डगमगाए, लेकिन मजबूती से खड़े रहे, फिर ऊपर जाकर असफल हुए, मटकी फोड़ने वालों को पुरस्कृत किया गया। बड़ी संख्या में प्रतियोगिता देखने के लिए लोग मौजूद रहे। कई राजनेता, सामाजिक पदाधिकारी भी बतौर अतिथि पहुंचे थे।





# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों ने किया सम्मान

## शिक्षक दिवस पर हुआ आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर आज शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। राधाकृष्णन के चित्र पर अध्यापकों ने पूजन कर उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया। वहीं प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर, इंचार्ज प्रबजीत कोर, मोनिका मंत्री, रिद्धि शर्मा, हिमानी शर्मा सहित अन्य अध्यापकों का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने आज सुबह अध्यापकों के आगमन पर अगवानी तिलक लगाकर की थी, आज दोपहर कसेरा बाजार स्कूल में शिक्षकों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जो शाम 6 बजे तक चलेगा।

# सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पूर्व राष्ट्रपति का चित्र पूजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्वोदय स्कूल सदर बाजार में आज सुबह पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्लि राधाकृष्णन के जन्मदिन पर विद्यार्थियों ने चित्र पूजन किया और अध्यापकों ने उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया।

# कैमरे बने संभागीय अध्यक्ष



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पारंपरिक लाठी खेल संघ, मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मिथिलेश कैमरे को इंदौर संभाग अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। अब मिथिलेश के जिम्मे अधिक से अधिक युवाओं को पारंपरिक लाठी खेल से जोड़ने का कार्य रहेगा। कैमरे ने बताया कि इंदौर में इस तरह के 65 अखाड़े संचालित होते हैं और खिलाड़ी केवल अनन्त चतुर्दशी पर ही प्रदर्शन दिखा पाते हैं। कैमरे अब संभाग के सभी जिलों में परम्परागत लाठी प्रशिक्षण पर संघ नियुक्तियां कर कार्य करेंगे और करवाएंगे। कई राजनेताओं से लेकर अन्य ने बधाई दी है।

# आशीर्वाद विलास सोसायटी में आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आशीर्वाद विलास सोसायटी निपानिया में भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी पर कल बच्चों के बीच दही-हांडी उत्सव और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मातृशक्तियों ने पूरा सहयोग किया।





# यादव समाजजन नृत्य करते शोभायात्रा में हुए शामिल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी पर कल पाटनीपुरा-परदेशीपुरा क्षेत्र में यादव समाजजनों ने शोभायात्रा निकाली। भगवान के कीर्तन पर यादव समाजजनों ने रास्ते में नृत्य किया और प्रभु के जयकारे भी लगाए। राजनेताओं में विधायक रमेश मेंदोला, चंदूराव शिंदे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा से जुड़े रघु यादव, निखिल सोनी, चंदू शिंदे, जितेन्द्र कोल, रोहित यादव, शुभम सोलंकी, वीरेन्द्रसिंह पंवार, अजीत कुशवाह, सत्यमसिंह चौहान, अनमोल यादव, शैलेष धोलावे, श्री महादेव, मनीष काका के अलावा संस्था के संतोष यादव, नारायणसिंह यादव, रोहित यादव, दिलीप यादव, सतीश यादव, मानसिंह यादव, सुनील यादव, ललित यादव, मुकेश यादव, जीतू यादव, राजेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।



# इको फ्रेण्डली गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था मालव मंथन ने प्रकल्प 'विसर्जन से सृजन' के तहत इस वर्ष 'तृणधान्य गणेश' थीम पर ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का आयोजन मोती तबेला छात्रावास में किया। मालसिंह ठाकुर, डॉ. स्वप्निल व्यास, ज्योति जोशी, वैशाली खरे, मुरली खंडेलवाल, दीपक महेश्वरी मौजूद थे।



# शस्त्रकला प्रशिक्षण शिविर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री बाँके बिहारी व्यायामशाला छत्रीबाग द्वारा शस्त्रकला प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। सचिन चौरसिया, विजय देवड़ा ने बताया कि युवाओं को लाठी, गतका-फरी, तलवार, बंदिश एवं पट्टा-बनेटी का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# कथा संग्रह का लोकार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** केन्द्रीय पुस्तकालय में डॉ.योगेंद्र नाथ शुक्ल के हिंदी लघुकथा संग्रह 'चुप्पी के नेपथ्य में' का मराठी लेखक डॉ. अनिल गज़भिये द्वारा अनुवादित 'मौनामागची कथा' संग्रह का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। शोभा पैठणकर, डॉ. अनिल गजभिये, डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, अनिल धड़वईवाले, विवेक भावसार, दीपक शिरालकर, यशवंत गौरे, डॉ. हदीस अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।



# 'जग जयवंत नवकार' पुस्तक का विमोचन



राजेंद्र सूरीजी जयंतसेन सूरीजी नित्यसेन सूरीजी जयरत्न सूरीजी

श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर पाट परम्परा के आचार्यदेव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'जग जयवंत नवकार' पुस्तक का विमोचन और '200 युगपुरुष का युगोत्सव' का आगाज किया गया। वहीं चार दिवसीय संयम वंदन यात्रा का आयोजन भी किया जा रहा है। राजेश जैन युवा ने बताया कि इन्दौर में भी इस यात्रा के दौरान अलग-अलग स्थानों पर विराजमान साधु-साध्वी भगवंतों के दर्शन-वंदन कर रहे है। वंदन यात्रा कल झाबुआ पहुंची थी और उसके बाद यह यात्रा इन्दौर पहुंची। आज इंदौर में नवकारसी, प्रवचन एवं दर्शन के पश्चात उज्जैन एवं महिदपुर सिटी पहुंचेगी। महिदपुर रोड पर भोजन के बाद नागेश्वर तीर्थ में रात्रि विश्राम रहेगा। 6 सितम्बर को आलोट में नवकारसी एवं प्रवचन के पश्चात यात्रा मंदसौर होते हुए नीमच पहुंचेगी, जहां चार दिवसीय संयम वंदन यात्रा का समापन होगा।

# पार्श्व पद्मावती एकासना आराधना




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नरसिंह वाटिका एरोड्रम रोड पर चल रहे चातुर्मास में साध्वी महाप्रज्ञा म.सा. ने श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया और पद्मावती 16 शुक्रवारीय एकासना आराधना की विधि आराधकों को बताई। 1 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पार्श्व-पद्मावती एकासना आराधना की। इस अवसर 8 उपवास की साधना करने वाली ममता-कमलेश जैन का अभिनंदन संघ द्वारा किया गया। उक्त जानकारी प्रकाश जैन भटेवरा ने दी।



## गोगादेवजी का हुआ दुग्धाभिषेक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बालकृष्ण करोसिया सामाजिक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान एवं चौधरी राजेश करोसिया राजा परिवार द्वारा गोगा नवमी पर आज सुबह पंढरीनाथ स्थित गोगादेवजी के मंदिर पहुंचकर आराध्य देव का दुग्धाभिषेक कराया गया। देव को नए वस्त्र धारण कराए गए, आरती की गई, प्रसादी का वितरण हुआ। गुरु गौरखनाथ का धुना महंत महेश नरवले ने प्रज्जवलित किया जो आज दिन भर से लेकर देर रात तक प्रज्ज्वलित रहेगा। शाम से रात तक श्रद्धालु परिक्रमा कर गोगादेवजी को सलामी देंगे। राजेश करोसिया राजा ने बताया कि यशवंत रोड पर मंच लगाकर आज गोगादेवजी के भक्तों और छड़ी-निशान का स्वागत किया जाएगा।

## आज शाम से राजवाड़ा पर पहुंचेंगे वाल्मीकि समाजजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

आज वीर गोगादेवजी की नवमी पर वाल्मीकि समाज सुबह से पूजा आराधना घर और मंदिर में कर रहे हैं। आज सुबह से पंढरीनाथ स्थित देव मंदिर पर पूजा आराधना हो रही है। आज शाम से देर रात तक 28 वाल्मीकि बस्तियों से समाजजन छड़ी-निशान के साथ निकलेंगे और सभी राजवाड़ा पहुंचेंगे और बारी-बारी से मंचों के सामने से अपने निशान लेकर कतारबद्ध होकर गोगादेवजी के मंदिर तक आस्था की दरकार के साथ पहुंचेंगे। कई निशान के साथ झांकियां भी रहेगी। महेश गौहर, राजा करोसिया राजा, इंजीनियर संतोष कल्याणे, ईश्वरलाल विश्नार, राजेश धोलपुरे, राजेश मेवाती, नीलेश गोसर, राजपाल मेलाने, सूरज गौहर, बलराम चिंतामण, गोकूल करोड़े, सुरेश लाहोरे सहित अन्य ने समाजजनों से अपील की है कि वे शाम को समय पर राजवाड़ा निशान और झांकी के साथ परिवार सहित पहुंचे और वहां से कतारबद्ध होकर गोगादेवजी के मंदिर पर दर्शन के लिए पहुंचे और धुनी की परिक्रमा भी करें।

## राजमोहल्ला से भी निकलेंगे निशान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र. हरिजन एवं वाल्मीकि कांग्रेस के बेजू करोड़े, प्रमोद डागर, गौरीशंकर लोट, वीरू भगत, राजेश करोड़, अशोक झांझोट, राजू घेंघट, राज बाबू भंवर, जितेन्द्र नरवाले, शैलेन्द्र पथरोड़े, त्रिलोक नरवाले, मोहन पाल कछुवाए ने बताया कि आज गोगा नवमी का पर्व वाल्मीकि समाजजन उत्साह के साथ मना रहे हैं। आज राजमोहल्ला, बियाबानी, भंवरकुआं, गाड़ी अड्डा, छावनी, मुराई मोहल्ला, पलासिया, देव नगर, अमर वाल्मीकि नगर सहित 28 वाल्मीकि बस्तियों से गोगादेवजी के निशान, छड़ी, लाल और नारियल फल सहित छड़ी-निशान जुलूस शाम को निकाले जाएंगे। अलग-अलग जगहों से झांकियां और समाजजन भी शामिल होंगे। सभी जुलूस समाजजनों के साथ राजवाड़ा पहुंचेंगे। निशान और समाजजनों का स्वागत मंचों से राजवाड़ा यशवंत रोड पर होगा। पंढरीनाथ गोगादेवजी मंदिर पहुंचकर मंदिर पर पूजा अर्चना की जाएगी।

## जैन फेडरेशन आज करेगा 25 शिक्षकों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा देश के 12 राज्यों में 350 से अधिक सोशल ग्रुपों के माध्यम से अपने-अपने शहरों में शिक्षा में उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों का सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज इन्दौर के दलालबाग में चल रहे चातुर्मास में मौजूद मुनि पुंगव 108 सुधासागर म.सा. के सान्निध्य में फेडरेशन द्वारा इन्दौर के 25 सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 25 श्रेष्ठ शिक्षकों एवं 25 समाजसेवी एवं संस्कारवान विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम आज दोपहर 3 से 5.30 बजे के बीच दलाल बाग में आयोजित होगा। आयोजन से राकेश जैन विनायका, प्रदीप चौधरी, संजय पापडीवाल, मनोहर झांझरी, बाहुबलि पांड्या, पुष्पा कासलीवाल, अमित कासलीवाल, सुशील पांड्या, विपुल बांझल, आशीष जैन सूतवाले जुड़े है।

## ‘लक्ष्य मंथन योगासन प्रतियोगिता’ का दूसरा राउण्ड कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डॉ. प्रमोद नन्दवाल ने बताया कि लक्ष्य पर्यावरण एवं वाटर सॉल्यूशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा ‘लक्ष्य मंथन योगासन प्रतियोगिता’ का द्वितीय क्वालीफाइंग राउंड कल 6 सितंबर को स्कीम नं. 74 विजय नगर हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में 14 से 20 वर्ष के बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके साथ ही 20 वर्ष से अधिक आयु के साधकों के लिए भी विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।



## माहेश्वरी समाजजनों ने की कृष्ण भक्ति

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी पर कल शरद सरला साबू के निवास पर भगवान के जन्म की आरती का आयोजन किया। झांकी भी सजाई। इस अवसर पर शरद सरला साबू, कमलेश सीमा गगरानी, मुकेश सारड़ा, अशोक आशा अजमेरा, प्रदीप लता राठी, राजेन्द्र लता सिंगी, गोपाल अलका सोमानी, गिरीश मीना जाजू आदि मौजूद थे।



## परमहंस नगर में लगे गोविंदा के जयकारे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव परमहंस नगर में मनाया। भरत मूंदड़ा ने बताया कि भगवान के जन्म के पूर्व मटकी फोड़ प्रतियोगिता और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। रात 12 बजे महाआरती कर माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया, झांकी भी सजाई गई थी।

## महासभा पदाधिकारियों का संवाद आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी महासभा के चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन है और महासभा की संदीप काबरा टीम आज इंदौर में हैं। दोपहर 12 बजे से साऊथ तुकोगंज होटल में संवाद और भोजन का आयोजन रखा है।

## शुभ संकल्प समूह ने किया आनलाइन कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शुभ संकल्प समूह द्वारा शिक्षक दिवस पर ऑनलाइन आयोजित कार्यकम में मंजू श्रीवास्तव ने गुरु गौरव टोली कार्यकम, निर्देशक का कार्यभार सम्हाल कर संगोष्ठी आयोजित की। देश के कई शिक्षाविद इस आयोजन से जुडे।

## इंदौर के युवा उज्जैन में करेंगे 24 घंटे का दाल-बाफला आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर के युवा करीब 50 हजार महाकाल भक्तों के लिए सोमवार 7 सितम्बर को उज्जैन में 24 घंटे का दाल-बाफला का अखंड भंडारा आयोजित करेंगे। गणेश उत्सव जिंसी के युवा यह भंडारा आयोजित करेंगे। भंडारा सोमवार की सुबह से प्रारंभ होगा, जो देर रात तक चलता रहेगा। इंदौर से ही भोजन सामग्री लेकर यह युवा पहुंचेंगे और सतत दाल-बाफला श्रद्धालुओं को आग्रहपूर्वक खिलाते रहेंगे।

## 108 दीपों से आरती



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्रीराम मंदिर पंचकुइया में भगवान कृष्ण की जन्म आरती कल रात 108 दीपों से की गई। फूल बंगला भी सजाया गया। भगवान टीकमजी का शृंगार मोगरे के फूलों से किया गया। राजू मिश्रा, रामकरन शर्मा, गोपु प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।



## न्याय नगर महादेव मंदिर पर कृष्ण भक्ति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महादेव मंदिर न्याय नगर में भगवान भोलेनाथ का कृष्ण के रूप में शृंगार किया गया। मंदिर को फूलों और रोशनी से शृंगारित कर रात को भगवान की जन्म आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया उसके पूर्व मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी हुई। कविता पचौरी, रश्मि आशापुरे, अर्पित कुमावत विजेता रहे, जिन्हें पुरस्कृत किया गया।

## श्रीधाम में प्राकट्य उत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र के उषा नगर एक्सटेंशन स्थित धार्मिक आस्था के केन्द्र श्रीधाम में कल



भगवान कृष्ण का प्राकट्य उत्सव मनाया। रात 12 बजे श्रद्धालुओं की मौजूदगी में जन्मोत्सव आरती की गई। प्रसाद का वितरण भी हुआ। आरती के पूर्व पाठ का आयोजन भी किया गया। ईश्वर भारद्वाज ने बताया कि डॉ. समता भारद्वाज, नरेंद्र, आशा, कृष्णलाल, ममता काबरा, अश्विन, अन्नू चौपड़ा मनोरथी रहे।

## बाबा रामदेव स्वरुप में सांवरिया सेठ का शृंगार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बर्तन बाजार और सराफा के बीच में स्थित धान गली में प्राचीन रामदेव बाबा का कल सांवरिया सेठ के स्वरूप में शृंगार किया गया। स्वप्रेरणा नवयुवक मंडल के बैनर तले कल हुए धार्मिक आयोजन में महाआरती और प्रसादी का आयोजन भी हुआ। पंडित अरनव पारिक ने यह शृंगार किया।

## स्वामीनारायण सत्संग भवन में मथुरा कारागार दृश्य



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल जन्माष्टमी पर स्वामीनारायण सत्संग भवन में मथुरा की कारागार का झांकी के रूप में दृश्य आकर्षण का केन्द्र बना। मंदिर में विद्युत और पुष्प सज्जा भी की गई। रमेश पटेल, चंदू पटेल ने बताया कि घनश्याम बाल मंडल के कलाकारों ने नाट्य प्रस्तुति भी दी।


गुरुजन के
अथक प्रयासों और
समर्पण को नमन
राज्य स्तरीय
शिक्षक
सम्मान समारोह
2026
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
उत्कृष्ट शिक्षा से प्रशस्त होती
विकसित प्रदेश की दिशा
• 3 वर्ष में 3.06 लाख मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप हेतु ₹ 765 करोड़ का अंतरण
• कक्षा 6वीं एवं 9वीं के 13 लाख विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण
• 369 सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ, जिनमें 4.02 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत, 138 सांदीपनि भवनों का निर्माण पूर्ण एवं 132 भवन निर्माणाधीन
• 3 वर्ष में बोर्ड परीक्षा परिणाम में 20% + की वृद्धि
• आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा के साथ 799 पीएमश्री विद्यालय संचालित
• हर जिला मुख्यालय, विकासखण्ड में एक शासकीय उ.मा. विद्यालय का उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकास
• गोंडी, भीली, सहरिया, बारेली, निमाड़ी, बुन्देली एवं बघेली भाषाओं में तैयार त्रिभाषा पुस्तकें, 21 जिलों के 89 जनजातीय विकासखण्डों में उपलब्ध
मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
5 सितम्बर, 2026
आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं
प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल
D-11106/26
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

## संपादकीय

# सड़कों पर अतिक्रमण से बढ़ रहा हादसों का खतरा, सुप्रीम कोर्ट ने निगरानी पर उठाया सवाल

देशभर में यह देखने को मिलता है कि बाजारों, कार्यालयों, अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय क्षेत्रों में लोग अक्सर अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल के बजाय सड़क पर खड़े कर देते हैं। देश में सड़कों पर अतिक्रमण एक गंभीर समस्या बन गई है। कहीं सड़क किनारे अवैध तरीके से मकानों का विस्तार कर दिया जाता है, फुटपाथ पर दुकानें खड़ी कर दी जाती हैं, तो कहीं वाहनों को बेतरतीब ढंग से सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है। खासकर वाहनों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी के साथ ही सड़कों का एक बड़ा हिस्सा अवैध पार्किंग, सामान लादने-उतारने और अन्य अस्थायी उपयोगों में घिरता जा रहा है। परिणामस्वरूप सड़कों का दायरा सिकुड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर संपर्क मार्गों तक पर यही स्थिति देखने को मिलती है। यह सड़क परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की लापरवाही का ही नतीजा है कि अतिक्रमण की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में हर साल बड़ी संख्या में निर्दोष लोग अपनी जान गंवा देते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने बीते गुरुवार को इस पर चिंता जताते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पूछा कि वह समस्या से निपटने के लिए कैमरा निगरानी प्रणाली और टोल प्लाजा पर निगरानी कक्ष क्यों नहीं स्थापित कर सकता? देश भर में यह देखने को मिलता है कि बाजारों, कार्यालयों, अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय क्षेत्रों में लोग अक्सर अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल के बजाय सड़क पर खड़े कर देते हैं। कई स्थानों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन फुटपाथ तक घेर लेते हैं, जिससे पैदल यात्रियों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और पैदल यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। पर्याप्त और व्यवस्थित पार्किंग सुविधाओं की कमी इस समस्या को और जटिल बना देती है। मगर सवाल है कि ऐसे मामलों में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संभालने वाली यातायात पुलिस की जवाबदेही तय क्यों नहीं की जाती है? गलत जगह वाहन खड़ा करने पर नियमित और निष्पक्ष कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? ऐसे स्थानों को चिह्नित कर वहां कैमरा प्रणाली से निगरानी क्यों नहीं की जाती?

# दुकानदारों के बीच विवाद, आरोपी डॉक्टर ने चश्मे की दुकान का बोर्ड तोड़ा

## विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी





**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के अंजनि नगर में दुकानों के सामने वाहन पार्किंग और होर्डिंग बोर्ड लगाने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। पड़ोसी दुकान संचालक डॉक्टर पर आरोप लगा है कि उसने चश्मे की दुकान का बोर्ड तोड़ दिया और विरोध करने पर दुकानदार व उसके साथी के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी शुभम पिता मुकेश जैन निवासी कालानी नगर की अंजनि नगर में शुभ आईकेयर नाम से चश्मे की दुकान है। शुभम ने डॉक्टर सोमेश खत्री के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उनकी दुकान के पास ही आरोपी डॉ. अफरोज खान की भी दुकान है। आरोपी आए दिन फरियादी की दुकान के बोर्ड पर अपना बोर्ड लगा देता था, पार्किंग में जबरन गाड़ी खड़ी कर देता था और आने-जाने वाले ग्राहकों को भगा देता था। बीती गुरुवार रात करीब 9 बजे आरोपी डॉ. अफरोज खान निवासी अंजनि नगर ने फरियादी की दुकान के ठीक सामने अपनी गाड़ी पार्क कर दी। जब शुभम ने गाड़ी हटाने को कहा, तो आरोपी आक्रोशित होकर गालियां देने लगा। फरियादी और पास में मौजूद डॉ. सोमेश खत्री ने जब गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी ने दोनों के साथ अभद्र व्यवहार किया। विवाद के दौरान आरोपी डॉ. अफरोज ने तैश में आकर शुभम की दुकान का होर्डिंग बोर्ड तोड़ दिया और जाते-जाते धमकी दी कि अभी तो गाड़ी लगाई है, आइंदा तुम दोनों को जान से खत्म कर दूंगा।घटना के बाद पीड़ित व्यापारी थाने पहुंचे। एरोड्रम थाना पुलिस ने फरियादी शुभम जैन की रिपोर्ट पर आरोपी डॉ. अफरोज खान के खिलाफ गाली-गलौज, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में अपराध कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।




# म्यूल खाते से देशव्यापी ठगी करने वाला आरोपी धराया

## न्यू पलासिया शाखा के खाते से दर्जनों राज्यों में हुई साइबर धोखाधड़ी

**इंदौर।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मैट्रिक्स' के तहत क्राइम ब्रांच की टीम ने संगठित अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी बी.कॉम पास है और अपने नाम के बैंक खाते व ई-सिम को किराए पर (म्यूल अकाउंट) उपलब्ध कराकर देश के दर्जनों राज्यों में मल्टी-स्टेट साइबर क्राइम और अवैध वित्तीय लेनदेन को अंजाम दे रहा था।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय और गृह मंत्रालय की केंद्रीय एजेंसी आई4सी से प्राप्त इनपुट के आधार पर डीसीबी बैंक की न्यू पलासिया शाखा के एक बैंक खाते की जांच की गई थी। पड़ताल में सामने आया कि इस एकल बैंक खाते के खिलाफ पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, बिहार, दिल्ली, गोवा, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में साइबर अपराध की दर्जनों शिकायतें एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज हैं।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्की निवासी थाना तिलक नगर को हिरासत में लिया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी लक्की ने योजनाबद्ध तरीके से डीसीबी बैंक का अपना खाता और उससे लिंक मोबाइल नंबर की ई-सिम साइबर ठगों के सिंडिकेट को उपलब्ध कराई थी। खाते में ट्रांसफर होने वाली अवैध राशि के बदले उसे कमीशन मिलता था। क्राइम ब्रांच इंदौर ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मौके से डीसीबी बैंक का म्यूल खाता और प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सिम जब्त की गई है। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर साइबर फ्रॉड के इस बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े अन्य सहयोगियों और मुख्य सरगनाओं के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# ब्राउन शुगर का मुख्य सप्लायर मंदसौर से गिरफ्तार

## ई-रिक्शा चालक राहुल सौदागर की निशानदेही पर पकड़ाया सप्लायर



**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ब्राउन शुगर की अवैध तस्करी करने वाले मुख्य सप्लायर को मंदसौर से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 18.89 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर बीते 31 अगस्त को टीम ने अरविंदो लवकुश चौराहा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर रोड के पास घेराबंदी की थी। इस दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे ई-रिक्शा चालक राहुल सौदागर निवासी छत्रीपुरा, इंदौर को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से 18.89 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने खुलासा किया कि वह यह नशे की खेप मंदसौर निवासी अय्यूब कुरैशी से खरीदकर लाया था। ई-रिक्शा चालक की निशानदेही पर क्राइम ब्रांच की टीम ने तुरंत मंदसौर में दबिश दी और मुख्य सप्लायर अय्यूब कुरैशी (निवासी मंदसौर) को धर दबोचा। आरोपी पेशे से दिहाड़ी मजदूरी करता है और इसकी आड़ में अवैध ड्रग्स की सप्लाई का नेटवर्क चला रहा था। पुलिस ने मामले में धारा 8/21 के साथ 29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा करते हुए अय्यूब को भी प्रकरण में आरोपी बनाया है। क्राइम ब्रांच अब दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर गिरोह से जुड़े अन्य फॉरवर्ड व बैकवर्ड लिंकेज, स्थानीय खरीदारों और नेटवर्क के मुख्य सरगनाओं के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# जिलाबदर के बावजूद बेखौफ घूम रहा बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

**इंदौर।** शहर में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर से जिलाबदर किए गए एक शातिर बदमाश को उसी के इलाके में खुलेआम घूमते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन कर छिपकर अपने क्षेत्र में आवाजाही कर रहा था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप उर्फ भांजा निवासी लाल मल्टी के रूप में हुई है। आरोपी प्रदीप इलाके का सूचीबद्ध बदमाश है, जिसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए हाल ही में इंदौर पुलिस कमिश्नर द्वारा उसके जिलाबदर के आदेश जारी किए गए थे। आदेश के बावजूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी लाल मल्टी स्थित अपने घर के आसपास ही देखा गया है और वहीं घूम रहा है। सूचना मिलते ही राजेंद्र नगर पुलिस की टीम ने तुरंत घेराबंदी की और लाल मल्टी के समीप दबिश देकर आरोपी प्रदीप उर्फ भांजा को हिरासत में ले लिया।

# बाइक सवार लुटेरों का आतंक.. युवक से मोबाइल लूटा, विरोध करने पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित एमआर-10 रोड पर बाइक सवार दो बदमाशों ने घर के बाहर बात कर रहे एक युवक का मोबाइल छीन लिया। फरियादी द्वारा पीछा करने पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। फरियादी की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ लूट व हमले का मामला दर्ज कर लिया है।म पुलिस के अनुसार, सांवेर रोड सेक्टर एफ निवासी अंकित पिता सुरेंद्रसिंह भदोरिया 26 अगस्त की रात घर के बाहर खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहे थे तभी एचआर ग्रीन के सामने एमआर-10 रोड मेट्रो ब्रिज के नीचे मोट रसाइकिल एमपी-09 एएन-6460 से आए दो बदमाशों ने उनका मोबाइल झपट लिया। फरियादी अंकित ने जब बदमाशों का पीछा किया, तो बाइक के पीछे बैठा आरोपी विशाल निवासी न्यू देवास हाल मुकाम कुमेडी रोड गिर गया। पकड़े जाने के डर से विशाल ने जेब से स्प्रिंगनुमा चाकू निकालकर फरियादी पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद साथी आदर्श मिश्रा और राहगिरों ने बीच-बचाव किया। इसी दौरान बाइक चला रहा उसका साथी अंकित निवासी देवास हाल मुकाम कुमेडी रोड जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल फरियादी का इलाज पहले अरबिंदो अस्पताल और बाद में बापट अस्पताल में कराया गया। बाणगंगा थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी विशाल और अंकित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पोस्टर हटेंगे, रास्ते दिखेंगे, नए गेंट्री गेट से बदलेगा शहर का साइन सिस्टम

## 70 नए स्थानों पर 10 साल के लिए विज्ञापन का ठेका देने की तैयारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर में बाहर से आने वाले वाहन चालकों को अब चौराहे पर रुककर रास्ता पूछने की जरूरत कम होगी। नगर निगम 70 नई जगहों पर गेंट्री गेट यानी मार्ग संकेतक लगाने जा रहा है। खास बात यह है कि इन गेंट्री गेट का निर्माण निजी एजेंसी से करवाकर इन्हें 10 साल के लिए विज्ञापन के ठेके पर देने की तैयारी है। इससे निगम को बिना अतिरिक्त खर्च के बेहतर मार्ग संकेतक मिलेंगे और विज्ञापन के जरिए आय भी होगी।

दिशा बताने वाले बोर्ड ही पोस्टरों से ढंक जाते हैं- निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि शहर में पहले से लगे कई गेंट्री गेट का उद्देश्य बाहर से आने वाले लोगों को प्रमुख स्थानों और मार्गों की जानकारी देना है। खासकर रात में अनजान शहर में पहुंचने वाले यात्रियों के लिए ये संकेतक काफी उपयोगी होते हैं।लेकिन शहर में राजनीतिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान यही गेंट्री गेट पोस्टर-बैनर का ठिकाना बन जाते हैं। जन्मदिन से लेकर रैली-जुलूस और अन्य आयोजनों के बैनर इतने बड़े आकार में लगाए जाते हैं कि दिशा बताने वाला पूरा बोर्ड ही नजर नहीं आता। निगम की टीम समय-समय पर ऐसे बैनर-पोस्टर हटाती है, लेकिन कार्रवाई के बाद फिर वही स्थिति बन जाती है। इसका सीधा असर बाहर से आने वाले वाहन चालकों पर पड़ता है। उन्हें रास्ता पूछने के लिए सड़क किनारे रुकना पड़ता है या गलत दिशा में जाने के बाद वापस लौटना पड़ता है।

### क्या बदलेगा

- *दिशा बताने वाले बोर्ड बैनर से ढंकने की समस्या कम होगी।*
- *बाहर से आने वाले वाहन चालकों को गंतव्य की जानकारी आसानी से मिलेगी।*
- *रात में भी मार्ग संकेतक दूर से स्पष्ट दिखाई देंगे।*
- *विज्ञापन के लिए निर्धारित जगह होने से मनमाने पोस्टर लगाने पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।*
- *10 साल के विज्ञापन ठेके से निगम को आय होगी।*
- *मजबूत ढांचे से गेंट्री गेट की उपयोगिता और टिकाऊपन बढ़ेगा।*

नए गेंट्री में विज्ञापन के लिए अलग जगह- नगर निगम अब नए गेंट्री गेट को इसी समस्या को ध्यान में रखकर तैयार करेगा। निगम की प्रस्तावित नीति में मार्ग बताने वाले हिस्से और विज्ञापन वाले हिस्से को अलग रखने की योजना है। यानी विज्ञापन लगेगा, लेकिन वह दिशा और स्थान की जानकारी को ढंक नहीं सकेगा। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि 70 नए मार्ग संकेतक नागरिकों और शहरी यातायात की सुविधा के लिए लगाए जाएंगे। इनके निर्माण के साथ 10 साल तक विज्ञापन के लिए ठेका देने की मंजूरी एमआइसी से मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि गेंट्री गेट इस तरह बनाए जाएंगे कि वे मजबूत होने के साथ दूर से स्पष्ट दिखाई दें। विज्ञापन के लिए भी निश्चित स्थान तय किया जाएगा, ताकि मार्ग संकेतक का मूल उद्देश्य प्रभावित न हो।

### निगम की योजना एक नजर में

70 जगहों पर नए मार्ग संकेतक, 10 साल के लिए विज्ञापन का ठेका, विज्ञापन के लिए अलग स्थान तय होगा।

### साइड एंगल, निगम की कमाई का नया रास्ता

नगर निगम की योजना सिर्फ नए गेंट्री गेट लगाने तक सीमित नहीं है। इन्हें विज्ञापन के लिए ठेके पर देकर निगम अपनी आय बढ़ाना चाहता है। यानी जिस ढांचे पर अभी पोस्टर लगाने को लेकर निगम को बार-बार कार्रवाई करनी पड़ती है, उसी को अब व्यवस्थित विज्ञापन व्यवस्था के जरिए राजस्व का साधन बनाया जाएगा।

# जिलाध्यक्ष नीलेश भारती के राखी बंधन कार्यक्रम से भाजपा में बढ़ी सरगर्मी, दिग्गजों में बेचैनी

## पीथमपुर में जुटे 6 हजार से अधिक मातृशक्ति के हुजूम ने बदले क्षेत्र के सियासी समीकरण, शक्ति प्रदर्शन से अन्य दावेदारों की धड़कनें तेज...

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** भाजपा जिलाध्यक्ष नीलेश भारती के रक्षाबंधन कार्यक्रम ने धार और पीथमपुर के स्थानीय राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल पैदा कर दी है। उनके इस विशाल आयोजन को आगामी चुनावों और सांगठनिक प्रभाव के लिए एक बड़े सियासी शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है, जिससे भाजपा के भीतर ही कई अन्य दावेदारों और दिग्गज नेताओं में बेचैनी साफ नजर आ रही है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नीलेश भारती द्वारा पीथमपुर के कंचन श्री गार्डन में आयोजित भव्य रक्षाबंधन एवं मातृशक्ति सम्मान समारोह ने क्षेत्र की स्थानीय राजनीति में भारी हलचल पैदा कर दी है। त्योहार के बहाने किए गए इस विशाल आयोजन को नीलेश भारती के एक बड़े सियासी शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में उमड़े हजारों महिलाओं के सैलाब के बाद भाजपा के भीतर ही अन्य राजनैतिक दिग्गजों और टिकट के दावेदारों में बेचैनी साफ तौर पर बढ़ने लगी है। आयोजन के दौरान पीथमपुर और आसपास के क्षेत्रों से आई 6,000 से अधिक महिलाओं ने जिलाध्यक्ष नीलेश भारती को रक्षा सूत्र (राखी) बांधा, इस दौरान भारती ने भी भाई का फर्ज निभाते हुए सभी बहनों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उन्हें विशेष उपहार भेंट किए। कंचन श्री गार्डन में पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी, जिसे देखकर राजनीतिक पंडित इसे आगामी चुनावों से जोड़कर देख रहे है। इस आयोजन की भव्यता और उसमें जुटी भारी भीड़ ने भाजपा के भीतर चल रही अंदरूनी गुटबाजी और खींचतान को एक नया मोड़ दे दिया है। चर्चा है कि इस कार्यक्रम के जरिए नीलेश भारती ने न सिर्फ संगठन में अपनी मजबूत पकड़ का अहसास कराया है, बल्कि आलाकमान को भी अपनी जमीनी लोकप्रियता का सीधा संदेश दे दिया है। इतनी बड़ी संख्या में साइलेंट वोटर(महिला वर्ग) का एक साथ जुटना क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ नेताओं के लिए चिंता का विषय बन गया है, जिससे पार्टी में अंदरूनी सरगर्मी चरम पर है।मातृशक्ति का मिला अभूतपूर्व समर्थन वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नीलेश भारती ने कहा कि बहनों का यह स्नेह और आशीर्वाद उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास और मातृशक्ति के सम्मान की बात कही। बहरहाल, राखी के इस धागे ने धार और पीथमपुर भाजपा की राजनीति में एक नई लकीर खींच दी है, जिसका असर आने वाले दिनों में साफ देखने को मिलेगा...







# विद्यार्थी पहुंचे भगवान की वेशभूषा में मटकी फोड़ आयोजन भी

**खरगोन। (सिटी ब्लास्ट न.प्र.-आशीष गुप्ता)।** गायत्री शिक्षा निकेतन. स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मासूम विद्यार्थी राधाकृष्ण और गोपी की वेशभूषा में सज्जित होकर स्कूल पहुंचे, रास लीला का मंचन भी किया गया, दही-हांडी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक की मौजूदगी में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# अड़ीबाज बदमाश का आतंक, शराब के पैसे नही देंने पर महिला को पीटा

## गृहस्थी के सामान में तोड़फोड़, केस दर्ज

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के राज नगर में शराब पीने के लिए अड़ीबाजी करने और मना करने पर महिला व उसके परिवार पर हमला करने का  मामला सामने आया है। खुद को इलाके का दादा बताने वाले एक सिरफिरे युवक ने पीड़िता से रुपयों की मांग की। रुपये देने से इनकार करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की और उसके मायके के घर में घुसकर टीवी, अलमारी सहित अन्य सामान में जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी पूजा पति सतीश रावत निवासी बी सेक्टर, राज नगर ने थाने पहुंचकर केस दर्ज करवाया है। पूजा रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए राज नगर स्थित अपनी मां सुमन यादव के घर आई हुई थी। घर पर उनका भाई गोलू यादव भी मौजूद था। बीती रात पड़ोसी मकान में किराए से रहने वाला आरोपी रवि पिता राजाराम खटीक अचानक घर के बाहर पहुंचा और आवाज देकर परिवार को बाहर बुलाया। आरोपी ने रंगदारी दिखाते हुए कहा कि मैं यहां का दादा हूं, मुझे शराब पीने के लिए 1,000 रुपये दो। जब पूजा ने रुपये देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी रवि आक्रोशित होकर गालियां देने लगा। महिला द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ थप्पड़-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई मां सुमन और भाई गोलू के साथ भी आरोपी ने हाथापाई की। इसके बाद सिरफिरे आरोपी ने ईंट-पत्थर उठाकर घर के भीतर फेंकना शुरू कर दिया, जिससे घर में रखी टीवी, गोदरेज की अलमारी, स्टील की टंकी और अन्य गृहस्थी का सामान टूट-फूट कर क्षतिग्रस्त हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जाते-जाते धमकी दे गया कि आइंदा मुझे रुपये देने से मना किया तो जान से खत्म कर दूंगा।घटना के बाद पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची। चंदन नगर पुलिस ने फरियादी पूजा की रिपोर्ट पर आरोपी रवि खटीक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# देशभर की खिलाड़ी पेश करेंगी चुनौती, 8 सितंबर से आईपीएससी राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट

**इंदौर।**शहर के प्रतिष्ठित द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में 8 से 11 सितंबर तक आईपीएससी राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा । प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित स्कूलों की बालिका खिलाड़ी अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न राज्यों से 13 स्कूलों की टीमें इंदौर पहुंचेंगी । इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल, विद्या देवी जिंदल स्कूल, मॉडर्न स्कूल, मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, डेली कॉलेज, वेल्हम गर्ल्स स्कूल, राजकुमार कॉलेज, द लॉरेंस स्कूल, एल.के. सिंघानिया एजुकेशन सेंटर और मेजबान द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल सहित अन्य टीमें शामिल हैं। स्कूल के निदेशक सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ 8 सितंबर को सुबह के सत्र में स्कूल के संचालक मुक्तेश सिंह के आतिथ्य में होगा। उद्घाटन समारोह में देशभर से आए खिलाड़ी और प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे। आईपीएससी राष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा में देश के विभिन्न हिस्सों के चुनिंदा स्कूलों की टीमें हिस्सा लेती हैं। इस बार भी खिलाड़ियों के बीच कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**विद्युत विभाग**
E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 28/26-27/
ई-टेंडर C.E/E&M

**निविदा सूचना**

दिनांक: 03/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026-UAD-533937 03-09-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अंतर्गत इण्डस्टी हाऊस पुलिया निर्माण में पोल एवं डी.पी. शिफ्टिंग करने संबंधी कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 2 माह ₹8,58,170/- | ₹2,000/- ₹8,600/- | 10.09.2026 5:30 PM |
| 2 | 2026-UAD-533928 03-09-2026 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 30 के अंतर्गत मालवीय नगर गली नं. 2 से एल.आई.जी. लिंकरोड तक मास्टर प्लान की निर्माणाधीन सड़क पर प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 1 माह ₹8,38,780/- | ₹2,000/- ₹8,400/- | 10.09.2026 5:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर

# आज फिर पाकिस्तान को मात देने उतरेगी भारतीय महिला टीम

## अब तक 17 में से 14 बार जीत हासिल कर चुकी है

**दुबई।** विमेंस एशिया कप 2026 के 9वें मुकाबले में भारत की भिड़ंत आज शनिवार को पाकिस्तान से होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ अपने शानदार रिकॉर्ड को इस मुकाबले में भी बरकरार रखना चाहेगी। भारतीय टीम के लिए अब तक टूर्नामेंट में सब कुछ सही घटा है। थाईलैंड को पहले मैच में हराने के बाद टीम इंडिया ने हांगकांग को 137 रनों से रौंदा। बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी शानदार फॉर्म में है। मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी, जबकि शेफाली ने थाईलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया था।

भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक कुल 17 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 14 मुकाबलों में हरमनप्रीत एंड कंपनी ने जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान को 3 मुकाबलों में जीत नसीब हो सकी है। दोनों टीमों के बीच आखिरी भिड़ंत महिला टी20 वर्ल्ड कप में हुई थी, जहां भारतीय टीम ने 64 रनों से जीत दर्ज की थी। भारतीय महिला टीम को टी20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी हार 2022 में एशिया कप में ही मिली थी।

पाकिस्तान ने विमेंस एशिया कप 2026 का आगाज थाईलैंड को 35 रनों से हराकर किया है। बल्लेबाजी में मुनीबा अली ने थाईलैंड के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली थी। हालांकि, उनको छोड़कर टीम की बाकी बल्लेबाज रनों के लिए संघर्ष करती नजर आई थीं। गेंदबाजी में सादिया इकबाल ने महज 11 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए थे, जबकि तुबा हसन भी 2 विकेट निकालने में सफल रही थीं। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पिच अब तक स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार रही है।



### *दोनों टीम इस प्रकार हैं*

***भारतः*** *स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, प्रतिका रावल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, नंदनी शर्मा, श्री चरणानी, क्रांति गौड़, जी कमलिनी, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, राधा यादव।*

***पाकिस्तानः*** *मुनीबा अली (विकेटकीपर), शावाल जुल्फिकार, गुल फिरोजा, आयशा जफर, सदफ शमास, फातिमा सना (कप्तान), उम्म-ए-हानी, एयमान फातिमा, तुबा हसन, नशरा संधू, सादिया इकबाल, सायरा जबीन, मोमिना रियासत, इमान नसीर, वहीदा अख्तर।*

# द. अफ्रीका के युवा खिलाड़ी लुआन का टी20 इंटरनेशनल का बड़ा रिकॉर्ड

**विंडहोक।** साउथ अफ्रीका के युवा सलामी बल्लेबाज लुआन ड्रे प्रीटोरियस ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक ठोक दिया है। नामीबिया के खिलाफ ट्राई सीरीज के मुकाबले में प्रीटोरियस ने 52 गेंदों पर शतक पूरा किया। 20 साल के बल्लेबाज का यह 17वां टी20 इंटरनेशनल मैच था। यह उनका पहला शतक है। जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछले मुकाबले में वह सिर्फ 6 रनों से शतक चूक गए थे।

53 गेंदों पर 101 रनों की पारी खेलकर लुआन ड्रे प्रीटोरियस पवेलियन लौटे। नामीबिया के कप्तान गेराल्ड इरास्मस ने उनका विकेट लिया। अपनी पारी में बाएं हाथ के बल्ले से 5 चौके और 8 छक्के मारे। प्रीटोरियस टी20 क्रिकेट के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। उन्होंने 18वां बर्थडे मनाने से पहले ही टी20 डेब्यू कर लिया था। टी20 क्रिकेट में यह उनका दूसरा शतक है।

लुआन ड्रे प्रीटोरियस टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक लगाने वाले साउथ अफ्रीका के 9वें बल्लेबाज हैं। प्रीटोरियस अभी 20 साल और 161 दिन के हैं। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के फुल मेंबर टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई ने 20 साल और 337 दिन की उम्र में 2019 में शतक लगाया था।

**सबसे कम उम्र में टी20 इंटरनेशनल शतक लगाने वाले फुल मेंबर टीम के खिलाड़ी-**

लुआन ड्रे प्रीटोरियस- 20 साल 161 दिन

हजरतुल्लाह जजई- 20 साल 337 दिन

यशस्वी जायसवाल- 21 साल 279 दिन

ब्रायन बेनेट- 21 साल 324 दिन

तिलक वर्मा- 22 साल 5 दिन ओपनिंग जोड़ी ने 69 गेंद पर 156 रन जोड़े

# जापान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम जापान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने इसकी घोषणा की है। इस मैच का आयोजन 22 सितंबर को किया जाएगा। बीसीसीआई ने बयान जारी करके बताया कि भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के जश्न की शुरुआत के तौर पर दोनों देशों की पुरुष टीमें एक टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेंगी।

सुजुकी कप मंगलवार 22 सितंबर 2026 को तोचिगी प्रान्त के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। जापान के पास ही एशियन गेम्स 2026 की मेजबानी है। इस मैच के बाद टीम इंडिया एशियन गेम्स में हिस्सा लेगी। यह भारत और जापान के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट में पहला मुकाबला होगा।

बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा, 'यह मैच स्पोर्ट 75 पहल का पहला कदम होगा। यह पहल जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई एक बैठक में हुए समझौते से शुरू हुई है। इसका मकसद खेल के क्षेत्र में भारत और जापान के बीच लोगों के आपसी आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा को भी ध्यान में रखना है।'

**टी20 इंटरनेशनल में जापान का रिकॉर्ड-** जापान आईसीसी का एसोसिएट मेंबर है। 2022 में उसने अपना पहला टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था। अभी तक खेले 61 मैचों में जापान को 41 जीत और 18 हार मिली है। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी 258 रनों की साझेदारी का विश्व रिकॉर्ड जापान के ही केंडल कडोवाकी-फ्लेमिंग और लाचलान यामामोटो-लेक के नाम दर्ज है। अभी तक जापान ने आईसीसी के फुल मेंबर टीम के खिलाफ कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है।

**बीसीसीआई सचिव ने क्या कहा?-** बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारत-जापान मुकाबला क्रिकेट को अपना दायरा बढ़ाने और नए, अब तक अनछुए क्षेत्रों तक पहुंच बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। सैकिया ने कहा, 'बीसीसीआई इस ऐतिहासिक मौके का हिस्सा बनकर बेहद खुश है, जब भारतीय और जापानी पुरुष टीमें जापान में एक विशेष टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए एक साथ उतरेंगी।

# इंदौर की आन्या का दमदार प्रदर्शन

## सिंगल्स में बनीं उपविजेता और डबल्स में जीता खिताब

**इंदौर।** इंदौर की उभरती टेनिस खिलाड़ी आन्या राठी ने ग्वालियर में आयोजित एआईटीए चैंपियनशिप सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-16 गर्ल्स सिंगल्स में उपविजेता का स्थान हासिल किया और डबल्स में चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।




टूर्नामेंट में अनसीडेड होने के बावजूद आन्या ने पहले दौर से ही अपने मजबूत सर्विस गेम से सभी को प्रभावित किया।

अंडर-16 सिंगल्स वर्ग में आन्या ने पहले राउंड में महाराष्ट्र की सोनवाने विपश्यना को 8-4 से हराया। दूसरे राउंड में उन्होंने बड़ा उलटफेर करते हुए टूर्नामेंट की दूसरी वरीयता प्राप्त मध्य प्रदेश की धृष्टि शर्मा को एकतरफा अंदाज में 9-1 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश की सिया मोहन के खिलाफ कड़ा मुकाबला रहा, जिसे आन्या ने 7-5, 6-4 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका सामना मध्य प्रदेश की वैदेही शिंदे से हुआ, जहां उन्हें 4-8 से हार का सामना करना पड़ा और उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

### *डबल्स में वैदेही के साथ बनीं चैंपियन*

*डबल्स में आन्या ने अपनी सिंगल्स प्रतिद्वंद्वी वैदेही शिंदे के साथ जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश की संस्कृति पाराशर और सम्भवी सिंह की जोड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में आन्या और वैदेही की जोड़ी ने गुजरात की सयाद्री चावरा और अगन्या भदौरिया को 6-1, 6-0 के बड़े अंतर से हराकर खिताब जीत लिया।*



# वैभव के करियर को गढ़ने में लगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 15 साल की उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू किया। आईपीएल 2026 में उन्होंने बल्ले से धूम मचाकर ऑरेंज कैप जीता था। इस दौरान उन्होंने बड़े-बड़े रिकॉर्ड्स भी तोड़े। उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली। हालांकि, इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका आगाज उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में वैभव ने लगातार तीन कम स्कोर बनाए। इसके बाद उन्हें आखिरी टी20 मैच से ड्रॉप कर दिया गया था।

इसके बाद जिम्बाब्वे में वैभव ने तीन मैचों की सीरीज में दो फिफ्टी लगाई। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला। रेड बॉल क्रिकेट में भी वैभव का बोलबाला देखने को मिला। दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में उन्होंने ईस्ट जोन के लिए विस्फोटक बैटिंग की। सेमीफाइनल में वह सेंट्रेल जोन के खिलाफ शतक से चूक गए। इसी बीच बीसीसीआई उम्मीद कर रही है कि वैभव महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की तरह लंबे समय तक भारतीय क्रिकेट के लिए खेले।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बोर्ड वैभव के भविष्य को लेकर बेहद गंभीर है और उनके करियर के हर कदम पर नजर रख रहा है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वैभव सूर्यवंशी या उनके जैसे कद का कोई भी खिलाड़ी आगे बढ़े और देश के लिए वैसे ही खेले जैसे सचिन तेंदुलकर या पहले के अन्य दिग्गज खिलाड़ी खेले थे। इसलिए हम वैभव को बहुत गंभीरता से देखते हैं। उनके इंटरनेशनल करियर में उनके हर कदम और हर पहलू पर नजर रखी जा रही है। बीसीसीआई उनके भविष्य पर बहुत बारीकी से नजर रख रहा है।

बीसीसीआई के सचिव ने कहा कि बोर्ड इस बात को लेकर बहुत सावधान है कि सूर्यवंशी अपने भविष्य में कैसे आगे बढ़ते हैं। सैकिया ने कहा- हम बहुत सावधान हैं कि वह हर सही कदम उठाएं ताकि ऐसा न हो कि वह सिर्फ एक सीरीज या एक साल के लिए ही चर्चा में रहें। हम सभी खिलाड़ियों पर नजर रख रहे हैं। सिर्फ वैभव ही नहीं, बल्कि हमारे टारगेट ग्रुप में लगभग 10-15 खिलाड़ी हैं। हमारे सीओई हेड वीवीएस लक्ष्मण लगातार उन पर नजर रख रहे हैं और उनके भविष्य, ट्रेनिंग और स्किल डेवलपमेंट में गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं।

# अनियंत्रित बस बिजली के खंभे से टकराई कार क्षतिग्रस्त, मंदिर को पहुंचा नुकसान

## चंदन नगर थाना क्षेत्र के अंबार नगर चौराहे की घटना,चालक को झपकी आने से हुआ हादसा





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के धार रोड स्थित अंबार नगर चौराहे पर बीती रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पास मौजूद एक पेड़ उखड़कर नीचे गिर गया, वहीं वहां खड़ी एक कार भी बस की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चौराहे पर स्थित शीतला माता मंदिर के एक हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है।

बताया जा रहा है कि हादसा बस चालक को अचानक झपकी आ जाने के कारण हुआ। चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और बस लहराते हुए बिजली के पोल, खड़े वाहन और मंदिर के हिस्से से टकराती चली गई। पोल टूटने और पेड़ गिरने के चलते क्षेत्र की बिजली सप्लाई तुरंत बाधित हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और चंदन नगर थाना पुलिस की टीम तुरंत राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचे। राहत की बात यह रही कि इस भीषण दुर्घटना में बस में सवार किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद पुलिस ने स्थिति को संभाला और बिजली विभाग को सूचना देकर बाधित सप्लाई को दुरुस्त करने का काम शुरू कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू किया गया।

# उज्जैन स्नान की जिद पर पति ने किया इन्कार, तो महिला ने खाया जहर, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। हातोद थाना क्षेत्र के ग्राम पालिया से बेहद दुखद और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 28 वर्षीय विवाहिता ने उज्जैन जाकर धार्मिक स्नान करने की इच्छा जताई थी। जब पति ने किसी कारणवश जाने से मना कर दिया, तो महिला ने क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ गटक लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई।**

मृतका की पहचान सपना पति सुशील (28) निवासी ग्राम पालिया, हातोद के रूप में हुई है। प्राथमिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों पहले सपना अपने पति सुशील से उज्जैन जाकर पवित्र स्नान करने की जिद कर रही थी। उस समय पति ने जाने से इन्कार कर दिया, जिससे आहत होकर सपना ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना का पता चला, जिसके बाद उसे तुरंत गंभीर अवस्था में इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची हातोद थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज करने के बाद ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

# बाहर विवाद के बाद किशोर ने लगाई फांसी, नाना ने फंदे पर झूलता देखा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के तेजपुर गड़बड़ी क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोर द्वारा अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। बताया जा रहा है कि किशोर का घर के बाहर किसी से विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने घर आकर यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना के समय उसके माता-पिता राखी का त्योहार मनाने अपने गांव गए हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।**

पुलिस के अनुसार,आत्महत्या करने वाले नाबालिग का नाम भय्यू पिता कमल राठौर (14) निवासी तेजपुर गड़बड़ी है। प्राथमिक पड़ताल में सामने आया है कि घटना से कुछ देर पहले भय्यू का घर के बाहर किसी व्यक्ति से विवाद या झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह उदास होकर घर लौटा और कमरे में जाकर फांसी का फंदा बना उस पर झूल गया। कुछ समय बाद जब घर में मौजूद नाना ने उसे फंदे पर लटका देखा, तो उनके होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया।

परिजनों के अनुसार, मृतक का एक बड़ा भाई और एक शादीशुदा बहन है। रक्षाबंधन का पर्व होने के कारण भय्यू की मां अपने पति के साथ राखी मनाने गांव गई हुई थी और घर पर यह दर्दनाक हादसा हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि बाहर किस बात को लेकर विवाद हुआ था और आत्महत्या के पीछे मुख्य वजह क्या रही, इसकी जांच परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करने के बाद की जाएगी।




स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।